# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–17 दिसंबर 2024** **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश सरकार ने आज चल रहे शीतकालीन सत्र के दौरान राज्य विधानमंडल में चालू वित्त वर्ष 2024–25 के लिए अनुपूरक बजट पेश किया। अनुपूरक बजट करीब 17865 करोड़ रुपये का है। अनुपूरक बजट में विद्युत, कृषि और बुनियादी ढांचे सहित प्राथमिक क्षेत्रों के लिए परिव्यय आवंटित किया गया है।

सरकार ने पर्यटन और पीडब्ल्यूडी विभाग के अलावा अन्य विभागों के लिए भी धन आवंटित किया है। अगले महीने से शुरू हो रहे महाकुंभ से जुड़ी सुविधाओं के बुनियादी ढांचे के विकास में राज्य सरकार पहले ही हजारों करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने की उम्मीद है। इसलिए प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए धन जुटाने के लिए अनुपूरक बजट की जरूरत थी।राज्य सरकार ने 2024–25 के लिए 50 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट पेश किया था। इस वर्ष फरवरी माह में यह आंकड़ा 7 लाख 36 हजार करोड़ रुपये था।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन आज शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। श्री योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने एक लाख साठ हजार से अधिक भर्तियां शिक्षा विभाग में की हैं। बेसिक, माध्यमिक, उच्च, तकनीकी, व्यावसायिक, चिकित्सा शिक्षा को लेकर नया चयन बोर्ड (उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग) बनकर तैयार है। जो वह विभिन्न विभागों से अधियाचन मांगकर नियुक्ति की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने अकेले शिक्षा विभाग में ही एक लाख साठ हजार से अधिक भर्तियां की हैं। यह वे भर्तियां हैं, जो पिछली सरकार की बदनीयती के कारण भरी नहीं जा सकी थीं।

**********

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज लोकसभा में पेश किए गए एक देश एक चुनाव बिल पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दूरदर्शी नेता है। इस कारण उन्होंने देश के धन को बचाने के लिए इस बिल को सदन में पेश किया है। श्री मौर्य ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत से अब हम एक देश एक चुनाव की ओर जा रहे हैं। यह देश हित में उठाया गया कदम है।

**********

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल कल से वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी। राज्यपाल सुबह 10:45 बजे राजकीय विमान से बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगी। वहां से सड़क मार्ग द्वारा पिंडरा स्थित महारानी गुलाब कुंवारी महिला कॉलेज के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके बाद राज्यपाल महारानी बनारस महिला कॉलेज, रामनगर और महाराजा बलवंत सिंह डिग्री कॉलेज, गंगापुर की छात्राओं को डिग्री देने के साथ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, शिवपुर में एचपीवी वैक्सिनेशन अभियान का शुभारंभ करेंगी। राज्यपाल रात्रि विश्राम काशी में ही करेंगी और अगले दिन यानी 19 दिसंबर की सुबह सोनभद्र के लिए प्रस्थान करेंगी। राज्यपाल के दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

**********

प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा है कि विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना को और अधिक प्रभावी और पारदशी बनाने के लिए विभाग सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के सिद्धांत पर चलते हुए कार्य कर रहा है। श्री अरूण ने कहा कि इसके लिए विशेषज्ञों की ट्रांसफॉर्मेशन टीम बनाई गई है, जिन्होंने लाभार्थियों की अपेक्षाओं, सिस्टम में संभावित कमियों जैसी समस्याओं आंकलन और विभिन्न बिन्दुओं पर गहन चर्चा तथा विस्तृत अध्ययन के बाद चर्चा पत्र तैयार किया है। इस सम्बन्ध में आम जन अपने बहुमूल्य सुझाव से अवगत करा सकते हैं। यह सुझाव `पउ/`पउंतनद. पद पर भेजे सकते हैं। इसे विचार के बाद प्रारूप में शामिल किया जाएगा।

**********

जल शक्ति मंत्रालय के सहयोग से आज लखनऊ में लघु सिंचाई विभाग द्वारा तीन दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत हुई । इस कार्यशाला में उत्तर प्रदेश के साथ–साथ मध्य भारत के चार राज्य मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और दिल्ली के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। प्रदेश सरकार के विशेष सचिव ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यशाला में वाटर बॉडीज की गणना के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य वाटर बॉडीज से संबंधित डाटा को तैयार करना है।

**********

मऊ जिले के सभी थानों पर आज वादी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र वैभव कृष्ण ने थाना मुहम्दाबाद और घोसी पहुंचकर फरियादिओं की समस्याएं सुनी और समुचित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

**********

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर विधान से समाधान कार्यक्रम और मिशन शक्ति के पांचवे चरण में आज अम्बेडकरनगर में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों और हितों के संरक्षण के प्रति अहम जानकारी प्रदान की गई।

**********